**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र, 2021-22**

**द्‌वितीय सत्र**

**विषय- हिंदी 'ए' (कोड-002)**

**निर्धारित समय- 2 घंटे** **पूर्णांक-40**

**सामान्य निर्देश:**

(1) इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'क' और ख'।

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए।

(3) लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।

(4) खंड 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(5) खंड 'ख' में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खंड 'क' (पाठ्‌य पुस्तक व पूरक पाठ्‌य पुस्तक)** **20 अंक**

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए- 2×4=8

(क) 'फ़ादर कामिल बुल्के संकल्प से संन्यासी थे, मन से नहीं।' लेखक के इस कथन के आधार पर सिद्‌ध कीजिए कि फ़ादर का जीवन परंपरागत संन्यासियों से किस प्रकार अलग था?

(ख) फ़ादर की उपस्थिति लेखक को देवदार की छाया के समान क्यों लगती थी? पाठ के आधार पर सिद्‌ध कीजिए।

(ग) क्या सनक सकारात्मक भी हो सकती है? सकारात्मक सनक की जीवन में क्या भूमिका हो सकती है? सटीक उदाहरणों द्‌वारा अपने विचार प्रकट कीजिए।

(घ) 'लखनवी अंदाज़' शीर्षक की सार्थकता तर्क सहित सिद्‌ध कीजिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए- 2×3=6

(क) 'उत्साह' कविता के शीर्षक की सार्थकता तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) इस सत्र में पढ़ी गई किस कविता में फागुन के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन किया गया है? उसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

(ग) इस सत्र में पढ़ी गई किस कविता में कोरी भावुकता न होकर जीवन में संचित किए अनुभवों की अनिवार्य सीख है? कविता के नाम के साथ कथन की पुष्टि के लिए उपयुक्त तर्क भी प्रस्तुत कीजिए।

(घ) इस सत्र में पढ़ी गई किस कविता की अंतिम पंक्तियाँ आपको प्रभावित करती हैं और क्यों? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3×2=6

(क) 'माता का अंचल' पाठ में वर्णित बचपन और आज के बचपन में क्या अंतर है? क्या इस अंतर का प्रभाव दोनों बचपनों के जीवन मूल्यों पर पड़ा है? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में निहित व्यंग्य को स्पष्ट करते हुए बताइए कि मानसिक पराधीनता से मुक्ति पाना क्यों आवश्यक है?

(ग) नदी, फूलों, वादियों और झरनों के स्वर्गिक सौंदर्य के बीच किन दृश्यों ने लेखिका के हृदय को झकझोर दिया? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**खंड 'ख' (रचनात्मक लेखन खंड) (20 अंक)**

4. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (5)

**(क) कोरोना काल और ऑनलाइन पढ़ाई**

संकेत-बिंदु- भूमिका, लॉकडाउन की घोषणा, ऑनलाइन कक्षाओं का आरंभ, इसके लाभ, ऑफ़लाइन कक्षाओं से तुलना, तकनीकी से जुड़ी बाधाएँ, निष्कर्ष

**(ख) मानव और प्राकृतिक आपदाएँ**

संकेत-बिंदु- भूमिका, प्रकृति और मानव का नाता, मानव द्वारा बिना सोचे-विचारे प्रकृति का दोहन, कारण एवं प्रभाव, प्रकृति के रौद्र रूप के लिए दोषी कौन, निष्कर्ष

**(ग) सड़क सुरक्षा : जीवन रक्षा**

संकेत-बिंदु- भूमिका, सड़क सुरक्षा से जुड़े कुछ प्रमुख नियम, सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी से होने वाली हानियाँ, इन्हें अपनाने के लाभ, निष्कर्ष

5. आपकी चचेरी दीदी कॉलेज में दाख़िला लेना चाहती हैं, किंतु आपके चाचा जी आगे की पढ़ाई न करवाकर उनकी शादी करवाना चाहते हैं। इस बारे में अपने चाचा जी को समझाते हुए लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (5)

अथवा

आपके क्षेत्र में सरकारी राशन की दुकान का संचालक ग़रीबों के लिए आए अनाज की कालाबाज़ारी करता है और कुछ कहने पर उन्हें धमकाता है। उसकी शिकायत करने हेतु लगभग 120 शब्दों में ज़िलाधिकारी को पत्र लिखिए।

6. (क) आपको अपना फ़्लैट किराए पर देना है। इसके लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2.5)

अथवा

आपकी दीदी ने संगीत कला केंद्र खोला है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ख) सामाजिक संस्था 'सवेरा' के नशा-मुक्ति जागरूकता अभियान के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2.5)

अथवा

बहुत कम क़ीमत में स्मार्ट फ़ोन बनाने वाली कंपनी के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

7. (क) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एनटीएसई) में पहला स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को लगभग 40 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए। (2.5)

अथवा

साहसिक कार्य के लिए बाल वीरता पुरस्कार से सम्मानित होने वाले अपने मित्र को लगभग 40 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए।

(ख) केरल के निवासी अपने मित्र को ओणम के अवसर पर लगभग 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए। (2.5)

अथवा

भैया-भाभी की पहली वैवाहिक वर्षगाँठ पर लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए।

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र, 2021-22**

**द्‌वितीय सत्र**

**विषय- हिंदी 'अ' (कोड-002)**

**कक्षा- 10, अंक योजना**

**निर्धारित समय- 2 घंटे** **पूर्णांक – 40**

**सामान्य निर्देश :**

(1) अंक योजना का उद्‌देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। इस प्रश्नपत्र में वर्णनात्मक प्रश्न हैं। अत: अंक योजना में दिए गए उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।

(2) यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दे, तो उसे अंक दिए जाएँ।

(3) समान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटे जाएँ।

(4) गुणवत्तापूर्ण, सटीक उत्तर पर शत प्रतिशत अंक देने में किसी प्रकार का संकोच न किया जाए।

(5) मूल्यांकन में 0 से 100 प्रतिशत अंकों का पैमाना स्वीकार्य है।

(6) मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

| | **खंड-क (वर्णनात्मक प्रश्नों के संभावित संकेत)** | |
|---|---|---|
| **प्र.क्रम. सं.** | **उत्तर** | **अंक विभाजन** |
| प्रश्न 1. | **प्रश्नों के उत्तरों की शब्द-सीमा 25-30 शब्द**<br>(शब्द-सीमा का ध्यान रखते हुए उत्तरों में किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **2×4=8** |
| (क) | • संन्यासी के परंपरागत स्वरूप में मोह त्यागकर सामान्यतः समाज से पलायन कर जाने की प्रवृत्ति<br>• फ़ादर कामिल बुल्के द्‌वारा परंपरागत संन्यासी प्रवृत्ति से अलग नई परंपरा की स्थापना<br>• कॉलेज में अध्ययन एवं अध्यापन...प्रियजनों के प्रति मोह, प्रेम व अपनत्व<br>• प्रियजनों के घर समय-समय पर आना-जाना, संकट के समय सहानुभूति रख उन्हें धैर्य बँधाना आदि | 2 अंक |
| (ख) | • मानवीय गुणों से परिपूर्ण व्यक्तित्व व सबके लिए कल्याण की कामना<br>• परम हितैषी के समान लोगों को आशीर्वचनों से सराबोर कर देना<br>• भरपूर वात्सल्य से भरी नीली आँखों में तैरता अपनापन<br>• उपर्युक्त कारणों से फ़ादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी लगना | 2 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | • सनक अर्थात् धुन का पक्का होना, लगन, मेहनत तथा ईमानदारी से काम करने की सनक सकारात्मक सनक<br>• वैज्ञानिकों, महापुरुषों तथा समाज सेवियों के उदाहरण<br>• आज़ादी के मतवाले क्रांतिकारी, सामाजिक बुराइयों को समूल नष्ट करने की ठानने वाले समाज सुधारक<br>• पहाड़ काटकर रास्ता बनाने वाले दशरथ माँझी जैसे सकारात्मक सनक वाले व्यक्तियों के उदाहरण... | 2 अंक |
| (घ) | • विषयवस्तु से शीर्षक के पूरी तरह मेल खाने में ही शीर्षक की सार्थकता<br>• 'लखनवी अंदाज़' शीर्षक की कथानक से पूर्णतः संबद्धता<br>• झूठी नवाबी शान, दिखावा, सनक, नज़ाकत आदि का वर्णन<br>• लेखक को दिखाने के लिए खीरे की फाँके सूँघकर खिड़की से बाहर फेंकने वाली घटना का उल्लेख आदि | 2 अंक |
| प्रश्न 2. | **दिए गए चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों की शब्द-सीमा 25-30 शब्द**<br>(शब्द-सीमा का ध्यान रखते हुए उत्तरों में किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **2×3=6** |
| (क) | • 'उत्साह' कविता एक आह्वान गीत<br>• कविता समाज में क्रांति और उत्साह की भावना का संचार करने के उद्देश्यपरक सृजन से प्रेरित<br>• बादल की गर्जना व क्रांति के माध्यम से लोगों के जीवन में उत्साह का संचार, प्रकृति में नव-जीवन का समावेश, क्रांति-चेतना का शंखनाद आदि शीर्षक की सार्थकता के आधार | 2 अंक |
| (ख) | • निराला कृत 'अट नहीं रही है' कविता में चित्रित फागुन के अप्रतिम सौंदर्य की अपने शब्दों में कलात्मक अभिव्यक्ति<br>• फागुन की सर्वव्यापक आभा एवं उसके अद्भुत सौंदर्य की व्यापकता का उल्लेख<br>• प्रकृति में सौंदर्य व उल्लास का समावेश, कण-कण का फागुन के रंग में रँग जाना आदि | 2 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | • ऋतुराज कृत 'कन्यादान' कविता...विदाई के समय माँ की केवल भावुकता का प्रदर्शन नहीं<br>• जीवन में संचित अनुभव पर आधारित उपदेश- सौंदर्य व वस्त्राभूषणों पर न रीझना, मानसिक रूप से दृढ़ बनना आदि<br>• स्वयं को किसी के सामने लड़की जैसा न दिखाने आदि की व्यावहारिक सीख | 2 अंक |
| (घ) | **कन्यादान-** 'आग रोटियाँ.............जीवन के।।'<br>**उत्साह-** 'विकल-विकल.......................गरजो।।'<br>**अट नहीं रही है-** 'कहीं पड़ी है...........पट नहीं रही है।।'<br>इनमें से किसी एक कविता की उल्लिखित अंतिम काव्य-पंक्तियों के प्रभावित करने व प्रिय होने के कारणों का तर्क सहित उल्लेख | 2 अंक |
| प्रश्न 3. | **दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों की शब्द-सीमा लगभग 60 शब्द**<br>(शब्द-सीमा का ध्यान रखते हुए उत्तरों में दो-तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **3×2=6** |
| (क) | • खेल-खिलौनों व खेलने के स्थान में अंतर, पहले खेत-खलिहानों व खुले में खेलने की जगह बचपन का अब घर या अपने कमरे तक सीमित हो जाना<br>• पहले बचपन को संयुक्त परिवार का प्रेम व समय मिलना, अब एकल परिवार में कामकाजी माँ-बाप के जाने के बाद एकाकीपन<br>• पहले बड़ों के प्रेम के साथ-साथ संस्कार मिलना, अब माता-पिता की व्यस्तता से संस्कारों में गिरावट आना | 3 अंक |
| (ख) | • सत्ता से जुड़े लोगों का मानसिक पराधीनता का शिकार होना<br>• सरकारी तंत्र में नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार व्याप्त होना<br>• देश के सच्चे विकास व आम जनता के सच्चे सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा के लिए मानसिक पराधीनता से मुक्ति पाना आवश्यक | 3 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | • आजीविका के लिए स्थानीय महिलाओं का अपनी पीठ पर बच्चे लादकर मार्ग बनाने के लिए पत्थर तोड़ने की विवशता<br>• उस प्राकृतिक सौंदर्य के बीच भूख, दैन्य और जीवित रहने के लिए लड़ी जाने वाली जीवन की जंग<br>• संवेदनाओं को झकझोर देने वाली अनुभूति | 3 अंक |
| | **खंड-ख (रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्नों के मूल्यांकन बिंदु)** | |
| प्रश्न 4. | दिए गए तीन अनुच्छेदों में से किसी <u>एक</u> विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लेखन-<br>भूमिका- 1 अंक<br>विषयवस्तु- 3 अंक<br>भाषा- 1 अंक | **5×1=5** |
| प्रश्न 5. | दिए गए दो पत्रों में से किसी <u>एक</u> विषय पर 120 शब्दों में पत्र लेखन-<br>आरंभ तथा अंत की औपचरिकताएँ- 1 अंक<br>विषयवस्तु- 3 अंक<br>भाषा- 1 अंक | **5×1=5** |
| प्रश्न 6. | 6 क और ख प्रश्नों में दिए गए दो-दो विषयों में से <u>एक-एक</u> विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में (2.5 अंक के विज्ञापन की जाँच के लिए अंक विभाजन)<br>विषयवस्तु- 1 अंक<br>प्रस्तुति- 1 अंक<br>भाषा- 1/2 अंक | **2.5×2=5** |
| प्रश्न 7. | 7 क और ख प्रश्नों में दिए गए दो-दो विषयों में से <u>एक-एक</u> संदेश लगभग 40 शब्दों में (2.5 अंक के संदेश लेखन की जाँच के लिए अंक विभाजन)<br>रचनात्मक प्रस्तुति- 1 अंक<br>विषयवस्तु- 1 अंक<br>भाषा- 1/2 अंक | **2.5×2=5** |